नगर आयुक्त के निर्देश पर सबंन्धित शिकायतों के निस्तारण के लिए कैंप लगाया गया

» नगर निगम द्वारा आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल के अन्तर्गत किया गया कार्यक्रम

विश्व वार्ता संवददाता

कैम्प लगाकर नगर वासियो की शिकायते सुनते नगर निगम के अधिकारी

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर के जोन-4 नवादा इन्देपुर क्षेत्र में वॉक-टॉक एवं रिजाल्व के अन्तर्गत नगर निगम से सबंन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु कैंप आयोजित किया गया। कैंप में नगर निगम के समस्त विभागों-स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग, जलकल विभाग, पथ प्रकाश एवं कर निर्धारण विभाग के इंस्पेक्टर एवं अवर अभिंयता तक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही वॉक-टॉक एवं रिजाल्व कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। जिसके दृष्टिगत नगर क्षेत्र में आयोजित कैंप का सहायक आयुक्त अंगद गुप्ता ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त ने क्षेत्रवासियों से वार्ता कर क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं की जानकारी की तथा क्षेत्रवासियों से प्राप्त समस्याओं को तत्काल रुप से निस्तारित किये जाने हेतु सबंन्धितो को निर्देशित किया। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान लाईट खराब पाये जाने पर उन्होंने लाईट को ठीक कराया।